राजस्थान सरकार
युवा मामले एवं खेल विभाग

क्रमांक प.9(2)खेल/2021

जयपुर, दिनांकः 18.03.2021

समस्त जिला कलक्टर महोदय,
पदेन् अध्यक्ष, जिला युवा बोर्ड।

विषयः– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयन्ती वर्ष एवं स्वतंत्रता–दिवस की 75वीं वर्षगांठ के क्रम मे दिनांक 23 मार्च,2021 के आयोजन के बाबत।

संदर्भः– शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के अशा. टीप पत्र कमांक प.31(8)क.सं./2021 दिनांक 05.03.2021 एवं 17.03.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ (India@75) दिनांक 12 मार्च, 2021 (दांडी मार्च दिवस) से प्रारम्भ होकर दिनांक 15 अगस्त, 2023 तक प्रदेश में आयोजित होने वाले आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत 75 कार्यकमों का आयोजन सम्पूर्ण प्रदेश में राज्य स्तर,, जिला स्तर, उपखण्ड स्तर एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित किया जाना है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150 जयन्ती से संबंधित कार्यक्रमों के क्रम में दिनांक दिनांक 23 मार्च, 2021 को शहीद दिवस को जिला स्तर, ब्लॉक स्तर पर भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव सिंह जी की शहीद दिवस पर अंहिसा यात्रा एवं मौन कार्यकम आयोजित किया जाना है।

आयोजन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही अपेक्षित हैः–

1. इस कार्यकम में भाग लेने वाले गांधीवादी विचारधारा भारत स्काउट व गाइड, एन.एस.एस., एन.सी.सी, खादी एवं महिला संगठन, युवा संगठन तथा गैर सरकारी संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारी एवं विभिन्न क्षेत्रों के लोग भाग लेगें।
2. सभी उपखण्ड स्तर पर दिनांक 23 मार्च, 2021 को सांय 6:00 बजे से 6:45 बजे तक 100 युवाओ के द्वारा अंहिसा यात्रा तथा शहीदों की श्रद्धांजलि देकर 07.00 बजे से 2 मिनट का मौन आयोजित कर शिक्षित वक्ता या युवा वक्ताओं द्वारा देश भक्ती (शहीदों) पर व्याख्यान, देशभक्ति गीतों का आयोजन किया जाना है।
3. इस कार्यकम में जिले के स्वतंत्रता सैनानियों का सम्मान किया जावें। यदि कोई इस कार्यकम में आने में असमर्थ है, तो जिला कलक्टर व आयोजन समिति द्वारा धर पर जाकर सादरपूर्वक सम्मान किया जावें।
4. उक्त अंहिसा यात्रा में सत्याग्रही महिलाओं सहित शामिल होगें।
5. सभी सहभागी व अधिकारीगण कॉविड–19 की गाईड लाईन के अनुसार मास्क धारण कर कार्यकम में शामिल होगें।
6. देशभक्ति के नारे वाले 3 बड़े बैनर और 25 प्लेकार्ड यात्रा में महात्मा गांधी जी, भगत सिंह जी, राजगुरू जी, सुखदेव सिंह जी महापुरूषों के संदेश शामिल किये जाने है।
7. रास्ते पर पीने के पानी की व्यवस्था किया जाना है।
8. पुलिस अधीक्षक/पुलिस आयुक्त से कार्यकम की अनुमति ली जानी है।
9. ऐसे व्यक्ति जिनको चलने में समस्या हो उनके लिए 2–3 ई–रिक्शा की व्यवस्था की जानी है।

10. उक्त समस्त कार्यक्रम कोविड प्रोटोकॉल एवं आदर्श चुनाव आंचार संहिता को ध्यान में रखते हुये आयोजित किये जावेगे।

11. कार्यक्रमों के संबंध में कृपया पूर्व एवं पश्चात प्रेस विज्ञप्ति जारी किया जाना तथा कार्यक्रमों से संबंधित फोटोग्राफ एवं प्रेस रिपोर्टस की सूचना कला एवं संस्कृति विभाग, इस विभाग तथा समन्वयक, गांधी जयन्ती कार्यक्रम समिति श्री मनीष शर्मा को प्रेषित किया जाना भी सुनिश्चित करावे।

कृपया शहीद दिवस के सफल आयोजन हेतु समन्वय, शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के साथ कार्यक्रम का सभी जिलों में एवं ब्लॉक स्तर पर समन्वयकों व उपखण्ड स्तर की समिति तथा उपखण्ड अधिकारियों के साथ 19 या 20 मार्च, 2021 को एक बैठक आयोजित की जाकर आवश्यक निर्देश प्रदान कराने का श्रम करावें।

आपके त्वरित सहयोग की आशा में।

भवदीय

19/3/2021

(दिनेश कुमार यादव)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. निजी सचिव, शासन सचिव, कला, साहित्य, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग जयपुर।
2. समस्त संभाग आयुक्त, राजस्थान।
3. निजी सचिव, आयुक्त, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, जयपुर।
4. निजी सचिव, निदेशक, कॉलेज शिक्षा, जयपुर।
5. निजी सचिव, निदेशक, शिक्षा बीकानेर।
6. रक्षित पत्रावली।

19-3-2021

शासन उप सचिव

आयुक्तालय कालेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

कमांक :प.7 (4) /अकाद/ विविध /आकाशि/2019/53 दिनांक 22.03.2021

निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
2. प्राचार्य, समस्त राजकीय एवं निजी महाविद्यालय को भेजकर लेख है कि उक्तानुसार कार्यवाही पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें ।
2. .वेबसाईट प्रभारी, आकाशि, जयपुर

22/3/21

(डॉ0सौमित्र नाथ झा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक
कॉलेज शिक्षा, राज0 जयपुर